प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 सोमवार दिनांक 24.11.2025

मुख्य समाचारः–

- न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के तिरपनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

- भिलाई में बनेगा आईटी पार्क–छत्तीसगढ़ सरकार और आईआईटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- सुकमा जिले में आज पांच महिला सहित पन्द्रह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया।

- जगदलपुर में आयोजित अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रामकृष्ण मिशन नारायणपुर की टीम ने जीता।

सुप्रीम कोर्ट–मुख्य न्यायाधीश

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के तिरपनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई। न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का स्थान लिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कार्यकाल लगभग पन्द्रह महीने का होगा।

शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री–केन्द्रीय खाद्य मंत्री–मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री चिराग पासवान से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा, कृषि–आधारित उद्योगों और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट संस्थान की स्थापना छत्तीसगढ़ में की जाए, ताकि राज्य के युवाओं को आधुनिक खाद्य तकनीक, उद्यमिता तथा नए रोजगारों से संबंधित उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने यह अनुरोध भी किया कि वर्ल्ड फूड इंडिया के रीजनल समिट का आयोजन रायपुर में किया जाए।

<u>माओवादी–आत्मसमर्पण</u>

सुकमा जिले में आज पांच महिलाओं सहित पन्द्रह माओवादियों ने पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों पर करीब अड़तालीस लाख रूपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में पीएलजीए बटालियन नंबर–एक के चार हार्डकोर माओवादी भी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान से प्रभावित होकर इन माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

<u>माओवादी–सरकार पत्र</u>

माओवादियों के महाराष्ट्र–मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़–एमएमसी की स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता अनंत ने एक कथित पत्र महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के नाम जारी किया है। इस पत्र में उन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर सरकार की पुनर्वास नीति के तहत जुड़ने के लिए अगले वर्ष पन्द्रह फरवरी तक का अतिरिक्त समय मांगा है। उन्होंने तीनों राज्यों की सरकारों से संयम बरतने का अनुरोध करते हुए सुरक्षा बलों के अभियान को रोकने की अपील की है। अपने पत्र में एमएमसी के प्रवक्ता ने इस बार पीएलजीए सप्ताह नहीं मनाने

की बात लिखी है। साथ ही विभिन्न माओवादी संगठनों से यह अपील की है कि वे अपनी गतिविधियों को विराम दें।

माओवादी संगठन के कथित पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि माओवादी अपनी मांगों को लेकर यदि कोई ठोस प्रस्ताव भेजें, तो सरकार उस पर विचार करेगी।

आवास मेला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई मैदान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आवास मेले में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की दो हजार साठ करोड़ रूपए की आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसके तहत पचपन परियोजनाएं राज्य के छब्बीस जिलों में शुरू होंगी, जिनके माध्यम से बारह हजार से अधिक किफायती और गुणवत्तापूर्ण मकानों का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने हाउसिंग बोर्ड के एआई चैट बॉट और पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को हाउसिंग बोर्ड की आवासीय परियोजनाओं की जानकारी सरलता से मिल सकेगी।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, आवास और पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

महिला आयोग–हेल्पलाइन नंबर

राष्ट्रीय महिला आयोग ने संकटग्रस्त महिलाओं के लिए त्वरित और अधिक सुलभ सहायता सुनिश्चित करने के लिए एक नया हेल्पलाइन नंबर – एक–चार–चार–नौ शून्य (14490) शुरू किया है। एक वक्तव्य में आयोग ने कहा कि यह टोल–फ्री नंबर आयोग की मौजूदा हेल्पलाइन से जुड़ा एक नया हेल्पलाइन नंबर है जो हिंसा, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार के संकट का सामना कर रही महिलाओं को तत्काल सहायता प्रदान करने के आयोग के निरंतर प्रयासों को मजबूत करेगा।

आईटी–पार्क

भिलाई में आईटी पार्क स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर आईआईटी भिलाई के निदेशक डॉक्टर राजीव प्रकाश और दुर्ग नगर निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए।
यह आईटी पार्क भिलाई के सिविल लाईन्स में स्थापित किया जा रहा है। यह छत्तीसगढ़ का पहला आईटी पार्क होगा।

नई श्रम संहिता

केंद्र सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नई श्रम संहिताओं को लागू कर दिया है। इन चारों श्रम संहिताओं के लागू होने से न्यूनतम वेतन का अधिकार, महिलाओं को समान वेतन का प्रावधान, फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, प्रत्येक श्रमिक के लिए सामाजिक सुरक्षा, मुफ्त स्वास्थ्य जांच की सुविधा और ओवरटाइम पर डबल वेतन जैसी व्यवस्थाएं पूरे देश में सुनिश्चित की गई है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से चालीस करोड़ श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। साथ ही श्रमिकों के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

धर्मेन्द्र–निधन

जाने माने फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र का आज मुंबई में एक अस्पताल में निधन हो गया। वे नवासी वर्ष के थे। उन्नीस सौ पैंतीस में जन्मे धर्मेन्द ने फिल्म ''दिल भी तेरा हम भी तेरे'' से अपने फिल्मी सफर की शुरूआत की और शोले, सत्यकाम, चुपके–चुपके, मेरा गाँव मेरा देश, नौकर बीवी का, आई मिलन की बेला, प्रतिज्ञा, धरमवीर जैसी फिल्मों के जरिए अपने शानदार अभिनय का परिचय दिया। छह दशकों से अधिक के करियर में,

उन्होंने तीन सौ से अधिक फिल्मों में काम किया। धर्मेन्द्र को वर्ष दो हजार बारह में पद्म भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि धर्मेन्द का निधन भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत है।

वहीं, मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धर्मेन्द्र ने अपने सशक्त अभिनय, सिनेमा के प्रति समर्पण और विलक्षण प्रतिभा से करोड़ों दर्शकों के हृदय में स्थान बनाया। उनका जाना भारतीय कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

<u>एसआईआर</u>

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण जारी है। राज्य के दुर्गम क्षेत्रों भी बीएलओ विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। बीजापुर जिले में बीएलओ राम साय यादव ने इंद्रावती नदी पार कर दुर्गम अबूझमाड़ क्षेत्र में मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण किया।

राज्य के विभिन्न जिलों के पचासी मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। एसआईआर के दौरान ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है।

<u>फिल्म महोत्सव–इफ्फी</u>

छप्पनवें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी में भारत के क्षेत्रीय सिनेमा की विविधता का प्रदर्शन किया जा रहा है। इनमें से दो क्षेत्रीय फिल्मों– 'पिरंथनाल वझथुकल' और 'दृश्य अदृश्य' की टीमों ने आज मीडिया से बातचीत की।

इसके अलावा लेखन और संपादन पर भी कार्यशाला हुई। इसे जाने–माने फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी ने संबोधित किया।

समारोह के तहत आज संगीत कार्यक्रम इफ्फी एस्टा का गैंड फिनाले भी होगा।

गौरतलब है कि यह फिल्म महोत्सव गोवा में बीस से अट्ठाईस नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में कई भाषाओं की फिल्में दिखाई जा रही है।

<u>फुटबॉल प्रतियोगिता</u>

जगदलपुर में आयोजित अखिल भारतीय फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रामकृष्ण मिशन नारायणपुर की टीम ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में रामकृष्ण मिशन नाराणपुर की टीम ने पेनाल्टी शूट आउट में चेन्नई पुलिस तमिलनाडु की टीम को चार–तीन से हराकर खिताब जीता। दोनों ही टीमें निर्धारित समय तक एक–एक गोल की बराबरी पर थीं। निर्धारित समय तक किसी भी टीम द्वारा बढ़त नहीं बनाने पर इसका निर्णय पेनाल्टी शूटआउट के जरिए किया गया।

<u>विशेष कार्यक्रम</u>

केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई नई श्रम संहिताओं पर आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से कल एक विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल सुबह नौ बजकर पचपन मिनट से होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

<><><><><><><>